an>

Title: Need to set up a bench of Bombay High Court in Kolhapur, Maharashtra.

श्री धनंजय महाडीक)कोल्हापुर:(न्यायालय में न्याय पाना सभी लोगों का मौलिक अधिकार है इसके लिए यह आवश्यक है कि उच्च न्यायालयों का काम विकेंद्रीकृत हो ,यानी राज्यों में अधिक बेंच स्थापित किए जाए।

उच्च न्यायालय में लंबित मामलों की बड़ी संख्या पश्चिम महाराष्ट्र में है और इस क्षेत्र के लोग न्याय तलाशने के लिए औरंगाबाद ,नागपुर और मुंबई यात्रा करते हैं। लंबे समय तक कोल्हापुर में उच्च न्यायालय के बेंच की मांग लोगों द्वारा की जा रही है। मई 2015मे महराष्ट्र सरकार ने कोल्हापुर में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ की स्थापना के लिए कोल्हापुर में उच्च न्यायालय की बेंच स्थापना के लिए अनुकूल रिपोर्ट भी दी गई क्योंकि कोल्हापुर बेंच 200किलोमीटर की त्रिज्या में नहीं होगा। महाराष्ट्र सरकार ने बेंच स्थापित करने के लिए बॉम्बे कोर्ट से अनुरोध किया है। राज्य सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि कोल्हापुर में बेंच की स्थापना के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय के ग्रीन सिग्नल के उपरान्त जल्द ही 100करोड़ रुपये आवंटित किये जाएंगे।

कोल्हापुर में उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना के लिए मैं माननीय कानून मंत्री से अनुरोध करना चाहता हूँ कि इस मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करें।